ASSHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Tuesday, 28 July, 2020 वर्ष 18 अंक 87, गुवाहाटी, मंगलवार, 28 जुलाई, 2020, विक्रम संवत् 2077, शक

सच से समझौता नहीं

प्रातः खबर

# हजारों बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचायी गयी राहत सामग्री




गुवाहाटी, 27 जुलाई (ख.सं.)। राज्य में आई प्रलयंकारी बाढ़ की चपेट में आकर लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। कई गांव की हालत तो इतनी बुरी है कि लोगों के पास खाने को दाना तक नहीं है। प्राकृतिक आपदा के समय ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझते हुए उनके सहयोग हेतु हिंदुजा फाउंडेशन, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड व मुकुल माधव फाउंडेशन नामक पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचायी गयी। विशेष रुप से बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित मोरिगांव व बरपेटा जिले के कई गांव पूरी तरह पानी की चपेट में आ चुके हैं। फिनोलेक्स के डीलर व प्रतिनिधियों ने इन दोनों जिलों के करीब 10000 लोगों के लिए सूखा राशन की किट उपलब्ध कराई। प्रत्येक किट में चावल, मूंग दाल, मसूर दाल, नमक, चीनी, तेल, सुजी, बिस्कुट, हल्दी, फेस मास्क आदि मौजूद हैं। इस मौके पर मुकुल माधव फाउंडेशन की प्रबंध न्यासी रितु प्रकाश छाबड़िया ने कहा कि असम जहां बाढ़ से जूझ रहा है, वहीं बंगाल व महाराष्ट्र को तूफान से भारी तबाही का सामना करना पड़ा है। असम में बाढ़ ने जिस कदर कहर बरपाया है उससे लोगों को उभरने में काफी समय लगेगा। ऐसे में हिंदुजा फाउंडेशन व फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से जो सहयोग भरा हाथ बढ़ाया गया है। उससे असम के बाढ़ प्रभावित इलाके के ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।